नईदुनिया



## खास खबरें

### एमपी नगर और ईटखेड़ी से तीन बाइक चोरी

**नप्र, भोपालः** शहर में वाहन चोर सक्रिय हैं। एमपी नगर और ईटखेड़ी थाना क्षेत्रों से तीन मोटरसाइकिलें चोरी होने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दो महिलाएं लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

ऐशबाग और कोहेफिजा थाना क्षेत्रों से दो महिलाओं के लापता होने की शिकायतें दर्ज हुई हैं। पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दोनों मामलों में परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

### बिजली के तार काटकर ले गए चोर

परवलिया थाना क्षेत्र के दिलौदर-पीपलखेड़ा मार्ग पर अज्ञात चोर बिजली के खंभों से एल्युमिनियम तार काटकर ले गए। विद्युत विभाग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो लोगों की संदिग्ध मौत, मर्ग कायम

भोपाल। हनुमानगंज और गुनगा थाना क्षेत्रों में दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी

भोपाल। ईटखेड़ी के आस्था हाइट्स स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हुई है। अज्ञात चोर ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते युवक पर कार्रवाई

हनुमानगंज पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते मिले एक युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है।

राजधानी में मंगलवार को वर्ग दो एवं तीन के चयनित शिक्षकों ने नियुक्ति की मांग को लेकर लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया।

# हनुमानगंज-छोला में हथियारबंद गैंग धराया पांच युवक चाकू-तलवार सहित गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हनुमानगंज और छोला मंदिर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस ने इलाके में घूम रहे पांच युवकों को घातक हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चाकू, छुरी और तलवार जैसे धारदार हथियार बरामद किए गए हैं।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक हथियार लेकर वारदात की नीयत से इलाके में घूम रहे हैं। सूचना पर हनुमानगंज और छोला मंदिर थाने की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से अवैध हथियार मिले। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी इन हथियारों का इस्तेमाल दहशत फैलाने और लूटपाट जैसी वारदातों के लिए करते थे।

आशंका है कि ये किसी स्थानीय गैंग से जुड़े हैं। पकड़े गए युवकों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस इनके नेटवर्क और अवैध हथियार सप्लाई करने वालों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नागरिकों से अपील की गई है कि संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### 26 किलो डोडाचूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

*राजधानी में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मिसरोद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आकृति ईकोसिटी गेट के पास कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 26.599 किलोग्राम डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 1.25 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित कीर (24) और आर.एन. कीर (19) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी अवैध रूप से डोडाचूरा अपने कब्जे में रखे हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। मिसरोद थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत 1मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों के नेटवर्क और मादक पदार्थ की सप्लाई से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है। जांच का मुख्य फोकस यह पता लगाना है कि डोडाचूरा कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई किन क्षेत्रों में की जानी थी। इसके अलावा इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।*

# लिफ्ट मांगने के बहाने पत्रकार को बनाया बंधक, लूटे 32 हजार रुपए

## चार बदमाशों ने पत्रकार को बनाया बंधक 3 घंटे बाद छोड़ा

### बदमाशों ने पत्रकार के परिचितों से ऑनलाइन रुपए मंगवाए

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के निशातपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक पत्रकार के साथ लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आरोप है कि बदमाशों ने लिफ्ट मांगने के बहाने पत्रकार को रोका, चाकू की नोक पर बंधक बनाया और परिचितों से ऑनलाइन पैसे मंगवाकर अपने खातों में 32 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

जानकारी के अनुसार पत्रकार अनुज मीणा सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात करीब 12:30 बजे अपना काम खत्म कर दोपहिया वाहन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान निशातपुरा क्षेत्र में एक युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी। अनुज के अनुसार उन्होंने लिफ्ट देने से इनकार कर दिया। इसके बाद एक युवक अचानक उनकी बाइक के सामने आ गया, जिससे उनका वाहन अनियंत्रित होकर गिर गया।

पीड़ित का आरोप है कि बाइक गिरते ही वहां पहले से मौजूद तीन अन्य युवक भी पहुंच गए। चारों बदमाशों ने उनकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया और जबरन पास के एक कमरे में ले गए। वहां आरोपियों ने उनसे नकदी की मांग की। पर्याप्त राशि नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए परिचितों से ऑनलाइन पैसे मंगवाने का दबाव बनाया।

अनुज मीणा के मुताबिक बदमाशों ने अलग-अलग माध्यमों से कुल 32 हजार रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। वारदात के बाद आरोपियों ने उन्हें करीब रात तीन बजे छोड़ा। घटना की जानकारी मिलने के बाद निशातपुरा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बताया कि मामले की सूचना प्राप्त हुई है और तथ्यों की जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

दिनदहाड़े और रात के समय बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच पत्रकार के साथ हुई इस वारदात ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## 25 जून को होगी डीपीसी, राज्य पुलिस सेवा के 9 अधिकारी बनेंगे आईपीएस

**नप्र, भोपालः** राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए इस वर्ष बड़ी पदोन्नति प्रक्रिया होने जा रही है। वर्ष 2025 के लिए राज्य पुलिस सेवा के नौ अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) संवर्ग में पदोन्नत किया जाएगा। इसके लिए 25 जून को भोपाल में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक आयोजित होगी, जिसमें संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य भी शामिल रहेंगे। पदोन्नति के लिए 1997 और 1998 बैच के कुल 27 अधिकारियों के नामों पर विचार किया जाएगा। इनमें सीताराम, अमृत मीणा, निमिषा पांडेय, राजेश मिश्रा, मलय जैन, अमित सक्सेना, मनीषा सोनी, सुमन गुर्जर, संदीप मिश्रा, सब्यसाची सर्राफ, समर वर्मा और सत्येंद्र सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं। इनमें से नौ अधिकारियों का चयन आईपीएस संवर्ग में पदोन्नति के लिए किया उधर, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी जल्द पदोन्नति का लाभ मिलने वाला है। वर्ष 2007 और 2008 बैच के अधिकारियों में से 13 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नत किया जाना है। हालांकि इसके लिए होने वाली डीपीसी की तिथि अभी तय नहीं हुई है। इधर, डीजी विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त योगेश देशमुख और मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में पदस्थ एडीजी मीनाक्षी शर्मा को केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति के लिए इंपैनल किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी 33 आईपीएस अधिकारियों की सूची में मध्यप्रदेश के इन दोनों अधिकारियों को स्थान मिला है। सूत्रों के अनुसार, यदि दोनों अधिकारी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जाते हैं तो उन्हें डीजी स्तर की जिम्मेदारी मिल सकती है।

## साइबर अपराधों के विरुद्ध 15 दिवसीय 'सेफ क्लिक 2.0' जनजागरूकता अभियान चलेगा

**भोपाल ।** प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम तथा नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 दिवसीय प्रदेशव्यापी साइबर वृहद जन-जागरूकता अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक 'सेफ क्लिक2.0' नाम से प्रारंभ किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य साइबर सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाना है।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि इस अभियान को अधिक व्यापक, प्रभावी एवं जनसहभागिता आधारित स्वरूप में संचालित किया जाए। डीजीपी ने कहा कि फरवरी 2025 में संचालित साइबर जागरूकता प्रयासों में सभी इकाइयों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया, जिसके परिणामस्वरूप डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों की घटनाओं में कमी देखने को मिली।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जनता को निरंतर जागरूक करना आवश्यक है तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना होगा।अभियान के दौरान प्रदेशभर में विभिन्न स्तरों पर व्यापक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें संस्थागत गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, शासकीय कार्यालयों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य संस्थानों में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामुदायिक जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों को साइबर अपराधों के नए तौर-तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी।

# मिट्टी का संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरतः सुधीर कोचर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** 'द नेचर वालंटियर्स सोसायटी' द्वारा प्रकाशित हिंदी पुस्तिका 'आओ, मिट्टी की महत्ता जानें' का विमोचन सोमवार शाम एपको परिसर में कार्यकारी निदेशक सुधीर कोचर (आईएएस) ने किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यदि मृदा संरक्षण पर तत्काल प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य के साथ-साथ खेती-किसानी और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। सोसायटी के उपाध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने बताया कि 'पर्यावरण जागरण श्रृंखला' के तहत यह सातवीं पुस्तिका प्रकाशित की गई है। उन्होंने कहा कि विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा रोकथाम दिवस की पूर्व संध्या पर मिट्टी संरक्षण का संदेश देना समय की आवश्यकता है। सुधीर कोचर ने कहा कि मिट्टी पर्यावरण संरक्षण का अभिन्न अंग है और समाज के प्रत्येक वर्ग को इसके संरक्षण के लिए आगे आना होगा। लोकेंद्र ठक्कर ने संत कबीर के प्रसिद्ध दोहे के माध्यम से मिट्टी के महत्व को रेखांकित किया। संस्था के चेयरमैन एवं सेवानिवृत्त वन अधिकारी रमेश प्रताप सिंह तथा लेखक राम रतन सिमैया ने भी मृदा संरक्षण और उसके वैज्ञानिक प्रबंधन पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी, किसान, वास्तुविद और पूर्व शासकीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिंधी सम्राट दाहिर सेन को याद किया सिंधी पंचायत ने

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** पूज्य सिंधी पंचायत ने सिंध के अंतिम हिंदू सिंधी सम्राट महाराजा दाहिर सेन के 1314वां बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। पंचायत पदाधिकारियों ने महाराजा दाहिर सेन के छायाचित्र पुष्पांजलि अर्पित करके हुई। सभा में पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने बताया कि राजा दाहिर सेन का शासनकाल 663 से 712 ईस्वी तक था, जिसके दौरान सिंध एक बेहद शक्तिशाली राज्य के रूप में स्थापित था। उन्होंने अपने राज्य की सीमाओं और संस्कृति की रक्षा के लिए अथक प्रयास किए। जब 712 ईस्वी में मुहम्मद बिन कासिम के नेतृत्व में उमय्यद खलीफा की अरब सेना ने सिंध पर आक्रमण किया, तब राजा दाहिर सेन ने अभूतपूर्व वीरता दिखाते हुए उस भीषण आक्रमण का डटकर मुकाबला किया।

शासकीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र के शुभारंभ पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया

## महाराणा प्रताप जयंती पर यातायात मार्गों में रहेगा परिवर्तन

**नप्र, भोपालः** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर बुधवार को आयोजित होने वाली रैली को देखते हुए शहर के कुछ प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया जाएगा। रैली 1250 चौराहा से प्रारंभ होकर व्यापम चौराहा, बोर्ड ऑफिस और ज्योति टॉकीज चौराहा होते हुए महाराणा प्रताप की प्रतिमा तक पहुंचेगी, जहां माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। लिंक रोड-1 से जाने वाले वाहनों को व्यापम चौराहे से वल्लभ भवन रोटरी और रचना नगर अंडरब्रिज मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। वहीं चेतक ब्रिज से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले वाहन रचना नगर अंडरब्रिज और सुभाष नगर मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

## सोलहवीं मप्र विस के एकादश सत्र की अधिसूचना जारी

**नप्र, भोपालः** मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का एकादश सत्र सोमवार 20 जुलाई से आरंभ होकर शुक्रवार 24 जुलाई तक चलेगा । राज्यपाल द्वारा अनुमोदित तदाशय की अधिसूचना आज विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी कर दी गई है । इस 5 दिवसीय सत्र में महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जायेंगे। इस हेतु विधानसभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 24 जून तथा अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 9 जुलाई तक प्राप्त की जावेंगी। जबकि स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267 - क के अधीन सूचनाएं विधानसभा में 14 जुलाई से कार्यालय में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 तक प्राप्त की जावेंगी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का यह एकादश सत्र होगा।

## लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश लोकायुक्त भवन भोपाल

**क्रमांक /363/स्टोर/2026** **भोपाल, 9/6/20 दिनांक**

**वार्षिक रख-रखाव कार्य (AMC) एवं दर अनुबंध (Rate Contract) संबंधी**

**ई-निविदा सूचना**

लोकायुक्त संगठन, म.प्र., भोपाल के एफ ब्लॉक पुराना सचिवालय स्थित मुख्यालय कार्यालय के कम्प्यूटर्स, लेपटॉप, प्रिंटर्स, यू.पी.एस., इंटरनेट नेटवर्किंग एवं फोटोकॉपी मशीनों के वार्षिक रख-रखाव कार्य हेतु एवं निविदा के दर पत्रक (प्रपत्र-2) के भाग-दो (अ एवं ब) एवं तीन में उल्लेखित सामग्री आवश्यकता अनुसार एक वर्ष की अवधि हेतु प्रदाय किया जाना है। सामग्री प्रदाय हेतु इच्छुक पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों से उल्लेखित वर्णित सामग्रियों हेतु ई-निविदाएं https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये निम्नानुसार तिथियाँ निर्धारित की गई हैं :-

1. ई-निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, जिस पर निविदा संबंधी समस्त शर्तें दी गई है, जो कि राशि रूपये 1,000/- (रूपये एक हजार मात्र) ऑनलाईन जमा करने पर प्राप्त की जा सकती है।
2. ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की गई है :-

1. ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक 18.06.2026 समय सुबह 10:00 से दिनांक 10.07.2026 समय सुबह 10:00 बजे तक।
2. ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं में सर्वप्रथम तकनीकी निविदाएं दिनांक 13.07.2026 समय दोपहर 12:00 बजे अथवा उसके उपरांत लोकायुक्त कार्यालय परिसर, भोपाल में खोली जावेगी, तत्पश्चात् तकनीकी निविदाओं में पात्र पाये गये निविदादाताओं की वित्तीय निविदायें दिनांक 17.07.2026 समय दोपहर 03:00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जावेगी।

3. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सचिव, लोकायुक्त कार्यालय, म.प्र. भोपाल का होगा, इस हेतु पृथक से कोई पत्राचार नहीं किया जावेगा।

निविदा संबंधी शेष शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है।

(विनोद मालवीय)
उप संचालक (वित्त) लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश भोपाल
फोन-2545572

**जी-14458/26**

## पूज्य सिंधी पंचायत चुनावः मतदाता सूची में सुधार का अंतिम मौका

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** पूज्य सिंधी पंचायत के त्रिवार्षिक चुनाव प्रक्रिया चल रही हैं। मतदाता सूची में नाम जांचने और सुधार का मौका 17 और 18 जून को है।

चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी ने बताया कि 21 जून 2026 को होने वाले चुनाव के लिए सदस्य सूची में नाम देखने और आवश्यक सुधार करवाने का कार्य 17 जून और 18 जून को किया जाएगा। सभी सदस्य इन दोनों दिन प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आकर सूची में अपना नाम देख सकते हैं और यदि कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार करवा सकते हैं। 18 जून दोपहर 1 बजे के बाद पंचायत के सदस्यों की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी। मतदान के दिन केवल इसी अंतिम सूची के आधार पर ही सदस्यों को वोट डालने का अधिकार दिया जाएगा। चेलानी ने चुनावी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि चुनाव के लिए कुल 23 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फॉर्म जमा किए हैं।

## आम सूचना

**कृषि भूमि स्थित - ग्राम नूरगंज प.ह.न. 05/13 तहसील- गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र।**

**मैं, अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि विक्रेता– श्री हरिसिंह परमार आ० स्व. श्री झनक सिंह परमार आयु वयस्क निवासी ग्राम नानाखेड़ी, तह० गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. । के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता भूमि खसरा नं. 425/2/4/1/1 कुल रकबा 0.353 हेक्टेयर भूमि जो ग्राम नूरगंज प.ह.न. 05/13 तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र में स्थित है जिसको मेरे पक्षकार क्रय करने जा रहे है इस बावत उन्होनें टोकन राशि अदा कर दी है, उक्त भूमि से या उसके किसी भाग से किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय संस्था, बैंक व सोसायटी व्यक्ति एवं किसी अन्य का किसी भी प्रकार का कोई हित स्वत्व स्वामित या किसी भी प्रकार का कोई लेन–देन हो तो वह आज दिनांक को प्रेषित आम सूचना से 07 दिन की अवधि में प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होवे, तत्पश्चात समयावधि पूर्ण होने के बाद किसी भी प्रकार का दावा, दखल या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बाध्य नही होगी और मेरा पक्षकार उक्त भूमि केय करने के लिये स्वतंत्र होंगे।**

**भवदीय विनोद यादव अभिभाषक**
**माँ कर्मा ला चेम्बर- सरजू कॉम्प्लेक्स, गौहरगंज रोड ओबेदुल्लागंज तह. गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.**
**मो. नं. 8827113285, 8770478580**

634

## आम सूचना

मैं, मेरी पक्षकारा श्रीमती मुनव्वर जहां पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद असलम आयु वयस्क, निवासी-ए-217, अशोका गार्डन, भोपाल (म.प्र.) की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकारा एवं इरफान खान पुत्र श्री मेहबूब खान, निवासीः मकान नंबर-ए-232, अशोका गार्डन थाने के पीछे, भोपाल (म.प्र.) के मध्य मेरी पक्षकारा के स्वामित्व के प्लॉट क्रमांक-28, जो खसरा क्रमांक-852 का अंश भाग है, कुल क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट (223.04 वर्गमीटर), स्थितः ग्राम सेमरा कलां (फ्रेंड्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी मर्यादित), तहसील हुजूर, जिला भोपाल, वार्ड क्रमांक 71, नगर पालिक निगम भोपाल के संबंध में दिनांक 21/02/2024 को ज्वाईट वेंचर अनुबंध निष्पादित किया गया था, परन्तु इरफान खान द्वारा आपराधिक गतिविधि अनुरूप मेरी पक्षकार के साथ छल एवं धोखाधड़ी संबंधी गंभीर अपराध कारित किया गया है, जिसके संबंध में मेरी पक्षकारा की ओर से इरफान खान के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, जिस कारण मेरी पक्षकारा द्वारा इरफान के साथ निष्पादित उक्त ज्वाईट वेंचर अनुबंधपत्र दिनांक 21/02/2024 को अपने स्तर पर निरस्त कर दिया गया है और उसके विधिवत निरस्तीकरण संबंधी नोटिस भी इरफान खान को प्रेषित किया जा चुका है। ऐसी स्थिति में उक्त ज्वाईट वेंचर अनुबंधपत्र पूर्णतः शून्य एवं अवैध होकर निष्प्रभावी हो गया है। अतः सर्वसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय अशासकीय कार्यालय आदि कोई भी इरफान खान से मेरी पक्षकारा के स्वामित्व की उपरोक्त भूमि से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन, संव्यवहार, अनुबंध आदि न करे, अन्यथा वह पूर्णतः शून्य होकर अवैध होगा और मेरी पक्षकारा व उसके स्वामित्व की उपरोक्त सम्पति के संबंध में किसी भी प्रकार से प्रभावशाली नहीं होगा। साथ ही मेरी पक्षकारा तत्संबंधी के विरुद्ध उचित वैधानिक कानूनी कार्यवाही भी करेगी, जिसके समस्त हर्जे खर्चे एवं परिणामो की जिम्मेदारी तत्संबंधी की स्वयं की होगी।

**ईश्वरी प्रसाद तिवारी, एडवोकेट**
**2377, जनता नगर कॉलोनी, पीपल चौराहा, बैरसिया रोड, करौंद, भोपाल म.प्र.**
**मो.नं. 9827258117**

633

## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL
## Water Work Department

**Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal Office Telephone No.0755-2701669**

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following work from the appropriated firm that Registered in the office of Madhya Pradesh (Central Registration Cell). The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website and detailed information can also be seen on website http://mptenders.gov.in
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in news papers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website. http://mptenders.gov.in

| S.No. | Tender Call | Tender ID. | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | Forth Call | 2024_UAD_333630_4 | Construction of Gabion structure at upstream side of intake well under Narmada Water Supply Project | 28,59,854.00 | 21,448.00 | 14.07.2026 05:30 PM |

**T.N.332/026/027 Executive Engineer Water Works Department Municipal Corporation, Bhopal**

## मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित

**मुख्यालय टी.टी. नगर भोपाल, दूरभाष : 0755 3545723-24**

**IInd Call**

**Tender No.-Apex/Bldg/514/2026**

अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज, पी एण्ड टी चौराहा भोपाल हेतु प्रशिक्षण के दौरान अपने प्रशिक्षणार्थियों को चाय, नास्ता एवं भोजन व्यवस्था हेतु प्रतिष्ठित केटरर्स/फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित वार्षिक लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | समयावधि | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षण की समयावधि में प्रशिक्षणार्थियों को चाय, नास्ता एवं भोजन व्यवस्था | रु. 7.00 लाख | रु. 20000.00 | रु. 1180.00 | कार्य आदेश दिनांक से 02 वर्ष तक | दि. 08.07.2026 सायं 05:00 बजे तक |

1. निविदा की अन्य शर्तें बैंक वेबसाइट **www.apexbankmp.bank.in** पर देखी जा सकती हैं।
2. पात्र निविदाकार द्वारा आवश्यक राशि का ऑनलाइन भुगतान कर **दिनांक 17.06.2026 से दिनांक 08.07.2026 तक** कार्यालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से अप. 2.30 तक में वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा क्रय कर सकते हैं।
3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ बैंक वेबसाइट **www.apexbankmp.bank.in** पर प्रदर्शित किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/126411/2026 **प्रबंध संचालक**

## OFFICE OF THE SECRETARY
## KRISHI UPAJ MANDI SAMITI
## BERASIA, DISTT. BHOPAL

**No./Nirman/26-27/378** **Berasia, Dated : 16.06.2026**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for APMC Berasia Distt. Bhopal **01** Tender (2026_MPSAM_516122_1) construction of cement concrete pavement & maintenance and strengthening of existing internal road (bitumen work) (PAC amount Rs. 355.13 Lac), **02** tender (2026_MPSAM_516123_1) Construction of Office extension & Repair and maintenance work for existing structures at mandi yard (PAC amount Rs. 82.85 Lac), **03** tender (2026_MPSAM_516124_1) Construction of Drain & culvert (PAC amount Rs. 75.47 Lac).The following works Tender to be received Online up to **5:30 PM on Dated 10.07.2026** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/126413/2026 **SECRETARY**